an>

Title: Need to start work on multipurpose project for development of various facilities in Ballia Parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री भरत सिंह (बलिया) : मैं अपने संसदीय क्षेत्र- बलिया में बंद पड़े बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ।

मेरे संसदीय क्षेत्र बलिया में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अत्यधिक राजस्व व्यय करने के बाद भी 215 एकड़ भूमि पर बने बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाएं ठप्प पडी हैं, जैसे कृषि अनुसंधान केंद्र, एशिया का सबसे बड़ा फौव्वारा, गेस्ट हाउस (वन विभाग), पौधशाला, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कैंटीन, भोजपुरी सांस्कृतिक केंद्र, तारा मंडल हिस्ट्री म्यूजियम, वृद्धा आश्रम, चिल्ड्रेन पार्क, आडीटोरियम, दूरसंचार विभाग का गेस्ट हाउस, कृत्रिम झील, कृत्रिम पुल आदि कुछ वर्षों से बंद पड़ा है। यह बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट उचित देख-भाल के अभाव में जंगल में परिवर्तित हो रहा है।

मेरा केंद्र सरकार से पुनः आग्रह है कि इस अविलंबनीय लोक हित के गंभीर मामले पर हस्तक्षेप कर बलिया के बंद पड़े बहुउद्देशीय प्रोजेक्ट को पुनः सुचारू रूप से संचालित करने के आदेश संबंधित विभाग को देने की कृपा करें, जिससे क्षेत्र के चहुमुंखी विकास के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को रोज़गार मिलेगा और नवयुवकों का पलायन बंद होगा।